


वर्ष-37 अंक-87 | रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026 | पृष्ठ : 08, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

### स्वतंत्रता दिवस की बधाई

दैनिक समवेत शिखर परिवार की ओर से सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**संपादक**

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दैनिक समवेत शिखर के समस्त कार्यालयों में शनिवार 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। अगला अंक सोमवार 17 अगस्त 2026 को प्रकाशित होगा।

**महाप्रबंधक**

### 78 गैलेंट्री अवॉर्ड का ऐलान इस बार 19 शौर्य चक्र, 13 मरणोपरांत पुरस्कार भी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस 2026 की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों के लिए 78 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी है। इनमें 13 मरणोपरांत पुरस्कार शामिल हैं। राजपूताना राइफल्स के मेजर आदित्य प्रताप सिंह को शौर्य चक्र में बार दिया जा रहा है। वे फिलहाल 44 असम राइफल्स में तैनात हैं। उनके नाम के साथ सेना मेडल भी दर्ज है। इससे पहले जून 2026 में उन्हें भारत-म्यांमार सीमा पर उग्रवादियों के विरुद्ध चलाए गए एक साहसिक अभियान के दौरान अद्वितीय वीरता दिखाने के लिए शौर्य चक्र मिल चुका है।

### उत्तराखंड के चमोली में टनल में पानी भरा, 7 मौतें

**चमोली।** उत्तराखंड में चमोली जिले के पीपलकोटी में गुरुवार शाम करीब 7 बजे निर्माणाधीन टनल में पानी और मलबा भर जाने से 7 लोगों की मौत हो गई। 3 अभी भी टनल में फंसे हैं, जिन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। टनल में कुल 22 लोग फंसे थे। इसमें 12 मजदूरों को निकाल लिया गया है।

#### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित किया

# सिंधु जल संधि निलंबित करना सही कदम, इसका फायदा हमारे किसानों को होगा : राष्ट्रपति मुर्मु

**नई दिल्ली (ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा- आतंकवाद को पनाह देने वाले देश के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करना किसानों के लिए एक निर्णायक कदम है।

हम 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। नागरिक राष्ट के लिए सदैव जागरूक रहें।

राष्टपति ने आगे कहा कि हमारे स्टूडेंट भारत के भविष्य निर्माता हैं। जिस तरह राष्टीय सुरक्षा के लिए सरकार और समाज का एकजुट रहना जरूरी है। उसी तरह विद्यार्थियों के वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी सभी के सम्मिलित प्रयास जरूरी हैं।

राष्टपति का संबोधन में कहा- एक दशक में भारत में तेजी से विकास हुआ।

**हमारा संविधान जनभागीदारी पर आधारित है :** राष्टपति ने कहा- हमारा संविधान जनभागीदारी पर आधारित है। उस भावना को हमारे देशवासी आगे बढ़ा रहे हैं यह हमारी लोकतंत्र की उपलब्धि है। अब से कुछ ही



घंटों बाद, हमारे देश की स्वाधीनता के 80वें वर्ष का शुभारंभ होगा। देश-विदेश में रहने वाले सभी भारतीय यह पर्व उल्लास के साथ मनाते हैं। हमारा तिरंगा हमारी स्वाधीनता का प्रतीक है। इसे हम पूरी शान से फहराते हैं।

**देशवासी स्वतंत्र भारत की नियति के निर्माता बने :** द्रौपदी मुर्मू ने कहा- 15 अगस्त 1947 के दिन भारतमाता पराधीनता की बेड़ियों से मुक्त हुईं। सभी देशवासी, स्वतंत्र भारत की नियति के निर्माता बने। निष्ठावान विद्यार्थी और शिक्षक, विकास के लिए तत्पर वैज्ञानिक और इंजीनियर, स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी, मेहनती श्रमिक और अन्नदाता किसान, अपने प्रयासों से राष्ट-निर्माण कर रहे हैं।

**सिंधु जल संधि को निलंबित करना राष्ट्रीय हित में :** राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा- न्यायिक व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह यह सुनिश्चित करे कि संसाधनों की कमी के कारण किसी को भी न्याय से वंचित न रहना पड़े। आतंकवाद को पनाह देने वाले देश के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करना राष्टीय हित में, खासकर किसानों के लिए, एक निर्णायक कदम है।

**पिछले एक दशक में देश ने तेज गति से विकास किया :** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- अपनी समृद्ध विरासत और स्वाधीनता संग्राम के आदर्शों को अपनाते हुए हम आधुनिक विकास के मार्ग पर अग्रसर हैं। 'वयं राष्टे जागृयाम', यह वेद-वाक्य हमें प्रेरणा देता है कि हम राष्ट के लिए सदैव जागरूक रहें। पिछले एक दशक से कुछ अधिक समय में हमारे देश ने तेज गति से समावेशी विकास किया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए सीजीएमएससी पर लगा जुर्माना निरस्त किया

**समवेत शिखर न्यूज**



**रायपुर।** उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) पर लगा एक लाख रुपये का जुर्माना निरस्त कर दिया है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आज जानकारी देते हुए बताया कि टेंडर से जुड़े एक मामले में एक ठेकेदार ने उच्च न्यायालय में शिकायत की थी, जिसके बाद न्यायालय ने सीजीएमएससी पर एक लाख का जुर्माना लगा दिया था। इसके खिलाफ निगम उच्चतम न्यायालय गया। उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई में पाया कि निगम की तरफ से कोई गलती नहीं हुई थी। अदालत ने माना कि ठेकेदार ने फॉर्म में जो अपनी आधिकारिक ईमेल आईडी दी थी, उसी पर समय रहते सारी जरूरी जानकारियां और मैसेज भेजे गए थे।

## मोदी ने बंटवारे की त्रासदी को याद किया



**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर बंटवारे के पीड़ितों और उससे बचे लोगों को याद किया। उन्होंने देश के बंटवारे से हुए भारी मानवीय दुख को याद करते हुए उन लोगों की तारीफ़ की जिन्होंने उस सदमे से उबरकर अपनी ज़िंदगी को फिर से संवारा।

श्री मोदी ने आज इस मौके पर कहा कि बंटवारे ने 'कई जिंदगियां तहस-नहस कर दीं, परिवारों को उखाड़ फेंका, अपनों को अलग कर दिया और बंटवारे के दोनों तरफ़ के लोगों को भारी दुख पहुंचाया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज हम विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहे हैं। हम उन सभी लोगों के साहस को याद करते हैं जो बंटवारे से प्रभावित हुए थे। श्री मोदी ने कहा, यह इतिहास का वह पल था जिसने कई जिंदगियां तहस-नहस कर दीं... परिवार उजड़ गए, अपने बिछड़ गए और लोगों ने भारी दुख सहा। उन्होंने तबाही के बावजूद बंटवारे से बचे लोगों के अपनी ज़िंदगी को फिर से संवारने के संकल्प पर ज़ोर दिया।

# छत्तीसगढ़ पुलिस के नाम 152 पदक सुंदरराज-एलेसेला होंगे सम्मानित

### 141 गैलेंट्री मेडल, 10 सराहनीय सेवा सम्मान आईपीएस कोटवानी को मिलेगा राष्ट्रपति पदक

**समवेत शिखर न्यूज**







**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पुलिस पदकों की घोषणा की है। इस बार छत्तीसगढ़ पुलिस के 152 अधिकारी और जवान अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित होंगे। इनमें 141 को वीरता पदक, 10 को सराहनीय सेवा पदक और 1 अधिकारी को विशिष्ट सेवा के लिए राष्टपति पदक दिया जाएगा। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीरता और अदम्य साहस का परिचय देने वाले सेना के जवानों, अफसरों और पुलिस अधिकारियों और जवानों को अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। नक्सल प्रभावित इलाकों में लंबे समय तक चले अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को इस बार खास तौर पर सम्मानित किया गया है।

वीरता पदक पाने वाले प्रमुख अधिकारियों में आईजी पी. सुंदरराज, आईजी इंदिरा कल्याण एलेसेला, एएसपी संदीप पटेल और एएसपी रॉबिन्सन गुड़िया शामिल हैं। आईजी पी. सुंदरराज को नक्सल विरोधी अभियानों का बेहतर तरीके से नेतृत्व करने और माओवादी नेटवर्क को कमजोर करने के लिए किए गए काम के लिए वीरता पदक दिया गया है।

**आईजी एलेसेला, एएसपी रॉबिंसन को भी वीरता पदक :** आईजी इंदिरा कल्याण एलेसेला को नक्सल प्रभावित इलाकों में साहस के साथ नेतृत्व करने के लिए वीरता पदक दिया जाएगा। एएसपी संदीप पटेल और एएसपी रॉबिंसन गुड़िया को भी विशेष अभियानों में बहादुरी दिखाने के लिए वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा।

### सराहनीय सेवा के लिए इन अफसरों को मिलेगा सम्मान



सराहनीय सेवा पदक पाने वालों में कमांडेंट गायत्री सिंह, कमांडेंट ओम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त डीसीपी डॉ. अर्चना झा, एएसपी दीपमाला कश्यप, डिप्टी कमांडेंट रमा पटेल, इंस्पेक्टर पिनाकी, डीएसपी सविता सिंह परिहार, असिस्टेंट कमांडेंट बृजेश कुमार तिवारी, कंपनी कमांडर राकेश कुमार सिंह और प्लाटून कमांडर नेहरू लाल शामिल हैं।








समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
हर घर तिरंगा
सुनील शर्मा
प्रभारी महामंत्री
जिला कांग्रेस कमेटी महासमुन्द एवं अधिवक्ता
श्रीमती मीना शर्मा
पूर्व अध्यक्ष नपा. तुमगांव


देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मो. 9669056228
7587180388
आफिस - 9826604698
7489408218
जे.के. ब्रिक्स
ग्राम – लभराखुर्द (महासमुन्द)
मथई ईंट , चिमनी ईंट के निर्माता एवं विक्रेता
बोल्डर, पत्थर, गिट्टी,रेत,एवं बिल्डिंग मटेरियल के सप्लायर
जीवराज चन्द्राकर


वतन के अमर शहीदों को शत् शत् नमन
प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
15 स्वतंत्रता दिवस
डॉ. विजय चन्द्राकर
डॉ. रश्मि चन्द्राकर
पूर्व जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी, महासमुन्द


समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई...
ग्रामीण सेवा सहकारी समिति, बावनकेरा
पं.क्रं. 906
धनेश सिन्हा
प्राधिकृत अधिकारी
अशोक साहू
समिति प्रबंधक


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
एक शुभचिंतक महासमुन्द


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मा.द्वारिकाधीश यादव
जिलाध्यक्ष एवं विधायक, खल्लारी
को जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई
मा.द्वारिकाधीश यादव
जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक
श्री लक्ष्मण पटेल जी को
जिला कांग्रेस कमेटी महासमुन्द का
प्रभारी महामंत्री बनाये जाने पर बधाई...
श्री लक्ष्मण पटेल
प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस महासमुन्द
विनीत : जिला कांग्रेस कमेटी महासमुन्द


वतन के अमर शहीदों को शत् शत् नमन
प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
आर.एस. माली सेवानिवृत्त उपयंत्री महासमुन्द


देशवासियों को 15 अगस्त की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं..
जय हिन्द
आर.के. ब्रिक्स
बरोंडा चौक, बागबाहरा रोड, महासमुन्द (छ.ग.)
मो. 9125204508/ 9425509887/ 9424209887
संजय शर्मा
उच्च कोटि चिमनी ईंट के निर्माता व विक्रेता


ग्राम पंचायत रामखेड़ा (महासमुन्द) की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अश्वनी नागवंशी
सरपंच
श्रीमती दुर्गा देवी नेताम
उपसरपंच
श्रीमती उमा ध्रुव
सचिव
विनीत : समस्त पंच एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत रामखेड़ा


aap
LIC
HAPPY
INDEPENDENCE DAY
Rakesh Jhabak
AAP District President Mahasamund (C.G)
7987290027 / 9300105455


क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई...
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा
विधायक, महासमुन्द
प्रो. अरसी अनवर
महासमुन्द मेडिकल स्टोर्स
शॉप नं. 07 इंदिरा मार्केट, मेन रोड,महासमुन्द
सभी बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध


ध्वजारोहण करने जिला मुख्यालय महासमुन्द पधार रहे प्रभारी मंत्री
मान. दयालदास बघेल जी का
स्वागत... वंदन... अभिनंदन...
श्रीमती रूपकुमारी चौधरी
सांसद महासमुन्द
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा
विधायक महासमुन्द
मान. ऐतराम साहू
जिलाध्यक्ष भाजपा महासमुन्द
क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मान. दयालदास बघेल जी
प्रभारी मंत्री
रामेश्वर पाण्डेय
अध्यक्ष
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बम्हनी
हेमलाल साहू
व्यवस्थापक
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बम्हनी
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बम्हनी, महासमुन्द


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
विधायक, महासमुन्द
हरवंश सिंह ढिल्लो (नानू भाई)
नेता प्रतिपक्ष न.पा महासमुन्द


स्व. श्री नेहरु निषाद स्मृति विद्यालय बिरकोनी
की ओर से
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई
टूपसिंग निषाद
डायरेक्टर
स्व. श्री नेहरु निषाद स्मृति विद्यालय


15th August
ग्राम पंचायत सोरिद की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
शैलेश कुर्रे
सचिव
श्रीमती जानकी ध्रुव
सरपंच
फगवा राम
उपसरपंच
प्रहलाद ध्रुव
सरपंच प्रतिनिधि
मनीराम ध्रुव
नीलकण्ठ
गणेश राम यादव
प्रेमार साहू
ज्योति साहू
राधिका ध्रुव
रेखा
सोनकुंवर
मीना यादव
परमेश्वरी साहू
विनीत : समस्त ग्रामवासी सोरिद, चोरभट्ठी


ग्राम पंचायत शेर की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं...
श्रीमती अनीता हरेन्द्र साहू
सरपंच
बेनीराम चन्द्राकर
सचिव
श्रीमती भारती साहू
उप सरपंच
ओंकार प्रसाद साहू
बलराम साहू
हेमू दीवान
संतोषी साहू
देवला बाई
धनीता साहू
किरण ध्रुव
लकेश्वर पटेल
लक्ष्मी निषाद

शिखर बने उतुंग शिखर, अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय

### टाटा संस के नेतृत्व परिवर्तन के मायने

टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन द्वारा अपने कार्यकाल की समाप्ति पर दोबारा नियुक्ति नहीं लेने के फैसले ने देश के सबसे बड़े औद्योगिक समूह के भविष्य को लेकर नई चर्चा शुरू कर दी है। यद्यपि वे अपने कार्यकाल की समाप्ति तक पद पर बने रहेंगे, फिर भी नेतृत्व परिवर्तन की प्रक्रिया ऐसे समय शुरू हुई है जब टाटा समूह अनेक महत्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम कर रहा है। ऐसे में स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठ रहा है कि क्या इस बदलाव का असर समूह की रणनीतिक योजनाओं और निवेश परियोजनाओं पर पड़ेगा।

एन. चंद्रशेखरन के नेतृत्व में टाटा समूह ने पिछले लगभग एक दशक में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। एयर इंडिया का अधिग्रहण और उसके पुनर्गठन की प्रक्रिया, सेमीकंडक्टर निर्माण में बड़े निवेश, इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में विस्तार, डिजिटल कारोबार को मजबूत करना तथा वैश्विक स्तर पर समूह की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ाना उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं। आज टाटा समूह केवल भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक उद्योग जगत का एक प्रभावशाली नाम है।हालांकि, किसी भी बड़े औद्योगिक समूह के लिए नेतृत्व परिवर्तन हमेशा एक संवेदनशील दौर होता है। विशेष रूप से तब, जब कई दीर्घकालिक परियोजनाएं निर्णायक चरण में हों। एयर इंडिया के आधुनिकीकरण, सेमीकंडक्टर परियोजना, ऑटोमोबाइल क्षेत्र में इलेक्ट्रिक वाहनों का विस्तार और नई विनिर्माण इकाइयों में भारी निवेश जैसी योजनाओं को निरंतर और स्थिर नेतृत्व की आवश्यकता होती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि उत्तराधिकार की प्रक्रिया सुचारु ढंग से पूरी होती है, तो इन परियोजनाओं पर सीमित प्रभाव पड़ेगा, लेकिन अनिश्चितता लंबी खिंचने पर निवेशकों की चिंता बढ़ सकती है।

टाटा समूह की सबसे बड़ी ताकत उसकी संस्थागत व्यवस्था और पेशेवर प्रबंधन संस्कृति रही है। समूह की कंपनियां केवल किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं हैं, बल्कि उनके पास अनुभवी प्रबंधन टीमें और स्पष्ट व्यावसायिक रणनीतियां हैं। यही कारण है कि समूह ने अतीत में भी नेतृत्व परिवर्तन के बावजूद अपनी विकास यात्रा जारी रखी। हाल ही में टाटा मोटर्स ने भी स्पष्ट किया है कि समूह के नेतृत्व परिवर्तन से उसकी निवेश योजनाओं में कोई बदलाव नहीं होगा।इसके बावजूद यह स्वीकार करना होगा कि बड़े उद्योग समूहों में शीर्ष नेतृत्व की भूमिका केवल प्रशासनिक नहीं होती, बल्कि वह निवेशकों का विश्वास, वैश्विक साझेदारियों और दीर्घकालिक रणनीति का भी केंद्र होता है। इसलिए नए नेतृत्व का चयन पारदर्शी, समयबद्ध और दूरदर्शी होना आवश्यक है। यह प्रक्रिया जितनी स्पष्ट होगी, उतना ही बाजार और निवेशकों का भरोसा मजबूत रहेगा।टाटा समूह हमेशा से नैतिक मूल्यों, सुशासन और दीर्घकालिक दृष्टि के लिए जाना जाता रहा है। यही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है। ऐसे में नेतृत्व परिवर्तन को संकट के बजाय संस्थागत मजबूती की परीक्षा के रूप में देखा जाना चाहिए। यदि उत्तराधिकारी का चयन योग्यता और समूह की दीर्घकालिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जाता है, तो यह परिवर्तन नए अवसरों का द्वार भी खोल सकता है।

अंततः, एन. चंद्रशेखरन का कार्यकाल भारतीय कॉरपोरेट इतिहास में परिवर्तन और विस्तार के दौर के रूप में याद किया जाएगा। उनके जाने से कुछ समय के लिए अनिश्चितता का माहौल अवश्य बन सकता है, लेकिन टाटा समूह की संस्थागत क्षमता, मजबूत प्रबंधन और दीर्घकालिक दृष्टिकोण यह भरोसा दिलाते हैं कि उसकी प्रमुख परियोजनाएं निरंतर आगे बढ़ेंगी। भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी यह आवश्यक है कि देश का सबसे बड़ा औद्योगिक समूह नेतृत्व परिवर्तन के इस दौर को सफलतापूर्वक पार करे और विकास की अपनी गति बनाए रखे।

# स्वतंत्र भारत के मशालवाहक

■ सीपी राधाकृष्णन, उपराष्ट्रपति





स्वतंत्रता दिवस पर विशेष

भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के इस महत्वपूर्ण अवसर पर मैं प्रत्येक भारतवासी को हार्दिक बधाई देता हूं। साथ ही, मैं उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को सादर नमन करता हूं, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

पिछले सप्ताह अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की अपनी यात्रा के दौरान मुझे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत हमारे राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा महान देशभक्त नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी द्वारा तिरंगा फहराए जाने की ऐतिहासिक स्मृति को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह मेरे लिए अत्यंत भावुक और गौरवपूर्ण अनुभव था कि मैं उस पवित्र धरती पर खड़ा था, जहां श्री नेताजी की आज़ाद हिंद फ़ौज ने 30 दिसंबर 1943 को भारत की भूमि पर पहली बार तिरंगा फहराया था। इस अवसर ने मुझे सितंबर 1939 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की मदुरै यात्रा का भी स्मरण कराया, जब वे महान स्वतंत्रता सेनानी पसुम्पोन मुथुरामलिंगा थेवर जी के निमंत्रण पर वहां पहुंचे थे। उस ऐतिहासिक क्षण ने क्षेत्र के असंख्य देशभक्तों के हृदय में स्वतंत्रता की अलख जगाई।

अंडमान स्थित राष्ट्रीय स्मारक सेल्युलर जेल की मेरी यात्रा एक अन्य अत्यंत प्रेरणादायी क्षण रही। इसी जेल में भारत माता के महान सपूत श्री वीर सावरकर जी, श्री योगेंद्र शुक्ल जी, श्री बटुकेश्वर दत्त जी, श्री सचिंद्र नाथ सान्याल जी और अनेक अन्य स्वतंत्रता सेनानियों को औपनिवेशिक शक्तियों द्वारा कैद कर एकांत कारावास में रखा गया था। आज भी राष्ट्रीय स्मारक की ये दीवारें उन वीरों के साहस, उन्हें दी गई यातनाओं और सर्वोच्च बलिदान की गाथाएं सुनाती प्रतीत होती हैं, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता और सम्मान के लिए अपना जीवन अर्पित कर दिया। इस यात्रा ने मुझे उन सभी राष्ट्रनायकों के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप यह लेख लिखने को प्रेरित किया, जिन्होंने करोड़ों लोगों के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित की और राष्ट्र को स्वतंत्रता प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ाया।

9 अगस्त को, जब हम भारत छोड़ो आंदोलन की स्मृति मना रहे थे, मुझे अंडमान द्वीप समूह में हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ करने का अवसर प्राप्त हुआ। वर्ष 1942 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान करते हुए राष्ट्र को करो या मरो का ओजस्वी नारा दिया था। इस आह्वान के परिणामस्वरूप पूरे देश में आजादी प्राप्त करने की प्रबल आकांक्षा व्याप्त हो गई।

आज हमें उसी स्वतंत्रता सेनानी पीढ़ी के कारण स्वतंत्रता की हवा में सांस लेने और लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत संवैधानिक अधिकारों के साथ जीवन जीने का सौभाग्य प्राप्त है, जिन्होंने अपने समय की औपनिवेशिक शक्तियों के विरुद्ध संघर्ष किया। उस समय देश के कोने-कोने में करोड़ों वीर स्वतंत्रता सेनानी अटूट समर्पण और त्याग के साथ इस संघर्ष में शामिल हुए तथा अनेक वीरों ने भारत माता की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

**स्वतंत्रता सेनानियों की गौरवगाथा :** स्वतंत्रता सेनानी चाहे उत्तर में कश्मीर से हों या दक्षिण में तमिलनाडु से, पश्चिम में गुजरात से हों या पूर्व में असम से–देश के सभी क्षेत्रों, वर्गों, आयु समूहों और लिंगों के लोगों ने भारत माता की स्वतंत्रता के साझा लक्ष्य के लिए एकजुट होकर संघर्ष किया।प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान प्रतिरोध की अमर प्रतीक बनीं रानी लक्ष्मीबाई जी का शौर्य, मंगल पांडे जी का साहस और बाल गंगाधर तिलक जी का वह निर्भीक उद्घोष–स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूंगा–स्वतंत्रता की ओर बढ़ते राष्ट्र के प्रत्येक कदम को शक्ति प्रदान करता रहा।इसी क्रम में वी. ओ. चिदंबरम पिल्लै जी ने भारत का पहला स्वदेशी पोत-परिवहन उद्यम शुरू कर औपनिवेशिक शासन के आर्थिक प्रभुत्व को चुनौती दी। इससे यह सिद्ध हुआ कि स्वतंत्रता का संघर्ष केवल रणभूमि तक सीमित नहीं था, बल्कि आर्थिक और व्यावसायिक क्षेत्र में भी लड़ा गया था।भगत सिंह जी, राजगुरु जी और सुखदेव जी की क्रांतिकारी भावना ने आने वाली पीढ़ियों को स्वतंत्रता के लिए त्याग और बलिदान का मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी। वहीं रानी गैदिनल्यू जी की अदम्य भावना ने पूर्वोत्तर भारत में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध प्रतिरोध की लौ प्रज्वलित रखी। असम की युवा वीरांगना कनकलता बरुआ जी भारत छोड़ो आंदोलन का नेतृत्व करते हुए अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर अदम्य साहस के साथ आगे बढ़ीं और अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। भगवान बिरसा मुंडा जी तथा अनेक जनजातीय नेताओं ने भी औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध ऐतिहासिक प्रतिरोध का नेतृत्व किया। इतिहास के पन्नों में ऐसी असंख्य गाथाएं हैं, जो साहस, संघर्ष, धैर्य और दृढ़ संकल्प से भरी हुई हैं। इन सभी गाथाओं ने मिलकर साहस और बलिदान की समृद्ध विरासत का निर्माण किया है। वे हमें याद दिलाती हैं कि भारत की स्वतंत्रता अनगिनत वीरों के सामूहिक संकल्प से प्राप्त हुई थी और उनकी विरासत आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करती है।

**स्वतंत्रता आंदोलन में तिरुप्पुर का योगदान :** इस स्वतंत्रता दिवस पर मैं तिरुप्पुर कुमारन जी को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं, जिन्हें लोकप्रिय रूप से कोडी काथा कुमारन अर्थात ध्वज की रक्षा करने वाले कुमारन के नाम से जाना जाता है। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मेरे पैतृक स्थान तिरुप्पुर में उन्होंने आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। मृत्यु निकट जानते हुए भी उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को धरती पर नहीं गिरने दिया। इसी कारण उन्हें यह सम्मानजनक उपाधि मिली।

कम उम्र में ही कुमारन जी के हृदय में देशभक्ति की लौ प्रज्वलित हो उठी थी। स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है के आह्वान से प्रेरित होकर वे स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हुए। महात्मा गांधी जी के आदर्शों से अत्यंत प्रभावित होकर कुमारन जी ने लोगों, विशेषकर युवाओं में राष्ट्रवाद की भावना जगाने के लिए देशबंधु युवा संघ की स्थापना की। कुमारन जी का दृढ़ विश्वास था कि सच्ची स्वतंत्रता तभी प्राप्त की जा सकती है, जब लोग औपनिवेशिक शासन के अन्याय के प्रति जागरूक हों और उसके विरुद्ध संघर्ष करने का साहस तथा स्पष्ट दृष्टि विकसित करें। गांधीवादी सामाजिक सुधार के सिद्धांतों के प्रति समर्पित कुमारन जी ने मद्यनिषेध अभियान को भी सक्रिय रूप से आगे बढ़ाया। वे इसे सामाजिक और राष्ट्रीय पुनर्जागरण की दिशा में आवश्यक कदम मानते थे। इसी उद्देश्य से उन्होंने ताड़ी की दुकानों के सामने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया और लोगों को मद्यपान से दूर रहने तथा आत्म-अनुशासन अपनाने के लिए प्रेरित किया।10 जनवरी 1932 को सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान कुमारन जी ने एक जुलूस का नेतृत्व किया। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे वे कुछ साहसी साथियों के साथ आगे बढ़े और तिरुप्पुर की सड़कों पर वंदे मातरम् के जोशीले नारे गूंज उठे। औपनिवेशिक शक्तियों ने इस समूह पर हमला कर दिया। वंदे मातरम् का उद्घोष करते हुए और राष्ट्रीय ध्वज को अपने शरीर से लगाए कुमारन जी के सिर पर गंभीर चोटें आईं और राष्ट्र के लिए उन्होंने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

## प्रेरक प्रसंग

### ईमानदारी महान गुण है

नाव गंगा के इस पार खड़ी है। यात्रियों से लगभग भर चुकी है। बस एक-दो सवारी चाहिए। उसी की बगल में एक नवयुवक खड़ा है। नाविक उसे पहचानता है। बोलता है - आ जाओ, खड़े क्यों हो, क्या रामनगर नहीं जाना है? नवयुवक ने कहा, जाना है, लेकिन आज मैं तुम्हारी नाव से नहीं जा सकता।? आज मेरे पास उतराई देने के लिए पैसे नहीं हैं। तुम जाओ। अरे! यह भी कोई बात हुई। आज नहीं, तो कल दे देना। नवयुवक ने सोचा, बड़ी मुश्किल से तो माँ मेरी पढ़ाई का खर्च जुटाती हैं। कल भी यदि पैसे का प्रबन्ध नहीं हुआ, तो कहाँ से दूँगा? उसने नाविक से कहा, तुम ले जाओ नौका, मैं नहीं जाने वाला। वह अपनी किताब कापियाँ एक हाथ में ऊपर उठा लेता है और छपाक नदी में कूद जाता है। नाविक देखता ही रह गया। मुख से निकला- अजीब मनमौजी लड़का है।छप-छप करते नवयुवक गंगा नदी पार कर जाता है। रामनगर के तट पर अपनी किताबें रखकर कपड़े निचोड़ता है। भींगे कपड़े पहनकर वह घर पहुँचता है। माँ रामदुलारी इस हालत में अपने बेटे को देखकर चिंतित हो उठी।अरे! तुम्हारे कपड़े तो भींगें हैं? जल्दी उतारो। नवयुवक ने सारी बात बतलाते हुए कहा, तुम्ही बोलो माँ, अपनी मजबूरी मल्लाह को क्यों बतलाता? फिर वह बेचारा तो खुद गरीब आदमी है। उसकी नाव पर बिना उतराई दिए बैठना कहाँ तक उचित था? यही सोचकर मैं नाव पर नहीं चढ़ा। गंगा पार करके आया हूँ। माँ रामदुलारी ने अपने पुत्र को सीने से लगाते हुए कहा, बेटा, तू जरूर एक दिन बड़ा आदमी बनेगा। वह नवयुवक अन्य कोई नहीं लाल बहादुर शास्त्री थे, जो देश के प्रधानमंत्री बने और 18 महीनों में ही राष्ट्र को प्रगति की राह दिखायी।

## धर्म-कर्म

### नाग पंचमी पर सूर्य सिंह में, चंद्रमा कन्या में, भगवान शिव की पहले और फिर नाग देवता की करें पूजा

हर साल की श्रावण शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पावन पर्व मनाया जाता है। इस दिन नाग देवता की पूजा की जाती है। इस वर्ष पंचमी तिथि का आरंभ 16 अगस्त 2026 दिन रविवार की सायं 06.47 बजे से आरंभ होगा, जो 17 अगस्त 2026 दिन सोमवार को सायं 6.49 बजे तक व्याप्त रहेगा। इस प्रकार नाग पंचमी का महापर्व 17 अगस्त 2026 दिन सोमवार को मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 6.47 बजे के बाद से रात तक चित्रा नक्षत्र व्याप्त रहेगा। दिन में साध्य एवं शुभ योग रहेगा ।

नागपंचमी की तिथि पर कौन से शुभ योग बन रहे हैं : जिस दिन चंद्रमा का संरक्षण बुध की राशि कन्या में रहेगा। 17 अगस्त को ही रात में 10-21 पर सूर्य की सिंह राशि मे संक्रांति आएगी । कर्क राशि में उच्च के बृहस्पति के साथ बुध का योग बनेगा। यहां एक तरफ ज्ञान, धर्म, धार्मिक संस्थाओं, जप, तप, अनुष्ठान, यज्ञ का कारक ग्रह अपनी उच्च राशि कर्क में विद्यमान होगा तो वहीं पर बुद्धि, ज्ञान, विवेक के कारक ग्रह बुध का संयोग बनेगा एवं चंद्रमा और बुध का राशि परिवर्तन योग रहेगा। जो इस दिन की शुभता एवं महत्व को बढ़ाने वाला होगा। इसके साथ ही साथ श्रावण के सोमवार का विशेष महत्व में शास्त्रों में बताया गया है।

**सोमवार के दिन नाग पंचमी :** सोमवार के दिन नाग पंचमी का होना अपने आप में अभीष्ट की सिद्धि अर्थात मनोकामनाओं को करने वाला होता है । अतः इस दिन निश्चित तौर पर भगवान शिव की आराधना का बहुत ही शुभकारक परिणाम प्राप्त होगा। इस दिन भगवान शिव की उपासना करना, रुद्राभिषेक करना, अनुष्ठान करना, जप करना, तप करना व्यक्ति के मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाला होता है ।


ग्राम पंचायत बारूला
वतन की शान है तिरंगा, हर दिल की पहचान है तिरंगा
जनपद पंचायत फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)
स्वतंत्रता दिवस की बधाई
गोपेश सेन, सचिव



रोहित साहू
विधायक, राजिम



सुकदेव राम साहू
सरपंच



उत्तम सोनवानी
उपसरपंच

विनीत:- ग्राम पंचायत बारूला एवं समस्त ग्रामवासी

ग्राम पंचायत जेन्जरा
देश से बढ़कर कुछ नहीं, भारत हमारी पहली जिम्मेदारी है
जनपद पंचायत फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)
स्वतंत्रता दिवस की बधाई
प्रमोद साहू, उपसरपंच





रोहित साहू
विधायक, राजिम



बोधनराम यदु
सरपंच



चन्द्रकुमार तिवारी
सचिव

विनीत:- ग्राम पंचायत जेन्जरा एवं समस्त ग्रामवासी

ग्राम पंचायत खैरझिटी
आजादी का सम्मान करें, भारत का गौरव बढ़ाएं
जनपद पंचायत फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)
स्वतंत्रता दिवस की बधाई



रोहित साहू
विधायक, राजिम



श्रीमती योगेश्वरी शुक्ला
सरपंच



दिनेश शुक्ला
सरपंच प्रतिनिधि



श्रीमती हुलसी साहू
सचिव

विनीत:- समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत झैरझिटी

ग्राम पंचायत चरौदा
देशभक्ति हमारी पहचान, भारत हमारी शान
जनपद पंचायत फिंगेश्वर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)
स्वतंत्रता दिवस की बधाई



रोहित साहू
विधायक, राजिम



गजानंद साहू
सरपंच



चेतन साहू
सचिव

विनीत:- ग्राम पंचायत चरौदा एवं समस्त ग्रामवासी

प्रस्तुति, संकलनकर्ता :- तरुण यदु (पत्रकार), मोबाइल नंबर- 9039392523

# ग्राम पंचायत उखरा

विकासखण्ड - बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हम सब की ओर से पूरे अंचलवासियों को हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...



प्रीतम कुमार चौधरी
सरपंच





सागर चंद पांडे
सचिव

**पंचगण:-** रोहित पांडे, आसकरण टाण्डे, श्रीमती गौरी चौधरी, श्री कौशल पांडे, श्रीमती जामबाई, श्रीमती बिनाबाई पांडे, श्री तुलसी ठाकुर, श्री वीरेन्द्र ठाकुर, श्रीमती दीपिका विश्वास, श्रीमती जानकी पटेल, श्री संतराम पटेल, श्रीमती सविता पांडे, श्रीमती कांतीबाई मधुकर।

# ग्राम पंचायत सूअरमाल

आश्रित ग्राम - बंधापार, भटगांव, सराईपाली
विकासखण्ड - बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...



मुक्ता मारकण्डे
सरपंच

डिगेश सिन्हा
सचिव

यशवंत मारकंडेय
सरपंच प्रतिनिधि

**पंचगण:-** सेतबाई यादव, पानबाई महिलांग, जीवराखन टण्डन, निराबाई टण्डन, हरिचरण टण्डन, शंभू टण्डन, मनीषा ठाकुर, सविता खुटे, चन्दन मन्नाडे, गंगाबाई निराला, किशनबाई मधुकर, लीला यादव, थनेश्वर निराला

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हम सबकी ओर से अंचलवासियों को हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...

# ग्राम पंचायत आंवराडबरी

## आश्रित ग्राम-बोईरगांव

विकासखंड बागबाहरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)



ग्राम पंचायत आंवराडबरी के पदाधिकारियों के नाम- श्रीमती दुलारी मुकुंद सिन्हा सरपंच, श्रीमती ईश्वरी देवांगन उपसरपंच, श्रीमती संतु चन्द्राकर, मुकुन्द सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि, हीरालाल ध्रुव पंच, गुलाब देवांगन पंच, बिशेसर साहू पंच, गुमान सिंह सिन्हा पंच, श्रीमती ननकी निषाद पंच, श्रीमती सुनीता यादव पंच, श्रीमती डिगेश्वरी साहू पंच, श्रीमती शकुन निर्मलकर पंच, श्रीमती ललित ध्रुव पंच, विनोद साहू रोजगार सहायक, ओमप्रकाश यादव युवा कार्यकर्ता एवं राहुल कुलदीप युवा कार्यकर्ता एवं समस्त पंचायतवासी।

विनीत:- ग्राम पंचायत आंवराडबरी एवं समस्त पंचायतवासी



प्रदेशवासियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...

**मा. भूपेश बघेल जी**
पूर्व मुख्यमंत्री छ.ग. शासन

मा. अंकित बागबाहरा
9926644470, 9406044470





15 AUGUST समस्त क्षेत्रवासीयों को स्वतंत्रता दिवस की एवं
खल्लारी विधानसभा के लाडले विधायक
व जिलाध्यक्ष
कांग्रेस कमेटी महासमुंद
मान. द्वारिकाधीश यादव जी को
15 अगस्त जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





**दुबेलाल साहू**

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हम सबकी ओर से अंचलवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

HAPPY INDEPENDENCE DAY

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा छत्तीसगढ़, प्रदेश संयोजक कृषि अभियांत्रिकी सिंचाई प्रकल्प किसान मोर्चा गरियाबंद जिला प्रभारी संगठन मंडल प्रभारी सांकरा


ध्वजारोहण करने जिला मुख्यालय
महासमुन्द पधार रहे प्रभारी मंत्री
मान. दयालदास बघेल जी का
स्वागत... वंदन... अभिनदंन...
क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
देवा नायक
पूर्व उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत
15 August
स्वतंत्रता दिवस
मान. दयालदास बघेल जी
प्रभारी मंत्री
हेमेन्द्र नाग योगी
सचिव
हेमीन देवा नायक
सरपंच
विनीत : समस्त ग्रामीण ग्राम पंचायत ढांक


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं...
15 August
स्वतंत्रता दिवस
मान. श्रीमती रूपकुमारी चौधरी
सांसद, महासमुन्द लोकसभा
मान. श्री योगेश्वर राजू सिन्हा
विधायक, महासमुन्द
श्री दिग्विजय साहू
अध्यक्ष
भाजपा ग्रामीण मंडल, महासमुन्द
श्रीमती लता तिवारी
मंत्री, ग्रामीण मंडल भाजपा, महासमुन्द
कु. एकता तिवारी


आर.एल.सी.
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, महासमुंद
50 बिस्तर मल्टीस्पेशयालिटी हॉस्पिटल
RLC
स्वतंत्रता दिवस
की क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
* 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा व ट्रामा सेंटर
* 24 घंटे डायग्नोस्टिक सेंटर, मेडिकल, कैंटिन व एम्बुलेंस
* माडयूलर ऑपरेशन थियेटर
* 24 घंटे हाई टेक पैथोलॉजी सेंटर
* ई.सी.जी ईकोकार्डियोग्राफी
* अल्ट्रासोनोग्राफी , कलर डाफलर
* वेन्टीलेटर एवं अत्याधुनिक मशीनों से युक्त आई.सी.यु.
* सर्व सुविधायुक्त वार्ड (जनरल वार्ड, सेमी प्राईवेट, प्राईवेट वार्ड, डिलक्स वार्ड, मेटरनिटी वार्ड )
* आयुष्मान स्मार्ट कार्ड एवं राशन कार्ड से ईलाज की सुविधा
* त्वचा संबधी रोग , कटे फटे होंठ, चेहरे की चोंट जबड़ो के फैक्चर की प्लास्टिक सर्जरी
* बर्न सर्जरी, भददे नाक की सर्जरी
* कास्मटिक सर्जरी लेजर सर्जरी
* 24 घंटे प्रसुति गृह (नार्मल, एवं ऑपरेशन)
* गहन चिकित्सा विभाग (C.U. )
* सिटी स्केन डिजीटल एक्सरे
* बेबी वार्मर व न्यूनेटल केयर
* स्क्रीन ग्राफ्टिंग
* ट्रेडमिल टेस्ट ( T.M.T ) स्पाईरोमेट्री (P.F.T.)
* C-ARM व लेप्रोस्कोपिक सुविधा
Dr Lekh Manjeet Chandrasen
MBBS.MS. MCH PLASTIC SURGEON
Dr Manjeet Singh Chandrasen
M.D. physician, sonologist
एलआईसी बिल्डिंग के सामने रायपुर रोड, महासमुन्द
संपर्क : 7771095201, 7566105001


अमर शहीदों को शत् शत् नमन
ध्वजारोहण करने जिला मुख्यालय
महासमुन्द पधार रहे प्रभारी मंत्री
मान. दयालदास बघेल जी का
स्वागत... वंदन... अभिनदंन...
क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
मान. दयालदास बघेल जी
तोषण सेन
प्राधिकृत अधिकारी
राजेश साव
प्रभारी प्रबंधक
कुश कुमार पटेल
कम्प्यूटर आपरेटर
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. लहंगर ;महासमुन्दद्ध


उन किरदारों को प्रणाम, जिनकी वजहसे यह देश है...
महासमुन्द शहर वासियों को
द् न्यू होलीफेथ स्कूल
परिवार की ओर से
आजादी पर्व की हार्दिक बधाई...
महेन्द्र जैन
चेयरमेन
सर्वरी पींचा
प्राचार्य
किशोर शुक्ला
संजय मालू
कविता पींचा
दिलीप जैन
पीयूष जैन
उमेश जैन
भावना चोपड़ा
नंदनी चतुर्वेदी


शिशु कल्याण शिक्षा समिति महासमुंद
पंजीयन क्रमांक - 10624 , पंजीयन दिनांक - 30.10.1981
द्वारा संचालित
शिशु संस्कार केंद्र
संस्कार पब्लिक स्कूल
संचालक मंडल - शिशु कल्याण शिक्षा समिति महासमुंद
अध्यक्ष श्री पारस चोपड़ा
उपाध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल
सचिव श्री शरद जैन
सह सचिव श्री अरुण जोशी
कोषाध्यक्ष श्री मनोहर पींचा
प्रबंधक श्री मनोहर महांती


साहू कॉफी हाऊस एण्ड लस्सी सेंटर, महासमुन्द
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
भाऊराम साहू


आजादी के उत्सव
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रीति बादल मक्कड़
सदस्य जिला योजना समिति जिला महासमुंद
पार्षद वार्ड नं. 19 एवं सदस्य - अपील समिति महासमुंद
कोषाध्यक्ष- जिला महिला मोर्चा भाजपा महासमुंद
जसमीत सिंह बादल मक्कड़
समाजसेवी एवं सदस्य भारतीय जनता पार्टी


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं...
श्रीमती ज्योति रिंकू चन्द्राकर
रिंकू चन्द्राकर


समस्त देशवासियों को
15 अगस्त-स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
छत्तीसगढ़ चन्द्रनाहूं शिक्षण समिति महासमुंद (छ.ग.)


समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मान. योगेश्वर राजू सिन्हा जी
विधायक, महासमुन्द
रमेश साहू
अध्यक्ष, पिटियाझर सहकारी समिति महासमुन्द




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2026-28 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com




वर्ष-37 अंक-87 | रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026 | पृष्ठ : 08+4, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com

### स्वतंत्रता दिवस की बधाई

दैनिक समवेत शिखर परिवार की ओर से सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**संपादक**

### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दैनिक समवेत शिखर के समस्त कार्यालयों में शनिवार 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। अगला अंक सोमवार 17 अगस्त 2026 को प्रकाशित होगा।

**महाप्रबंधक**

## 78 गैलेंट्री अवॉर्ड का ऐलान इस बार 19 शौर्य चक्र, 13 मरणोपरांत पुरस्कार भी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस 2026 की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों के लिए 78 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी है। इनमें 13 मरणोपरांत पुरस्कार शामिल हैं। राजपूताना राइफल्स के मेजर आदित्य प्रताप सिंह को शौर्य चक्र में बार दिया जा रहा है। वे फिलहाल 44 असम राइफल्स में तैनात हैं। उनके नाम के साथ सेना मेडल भी दर्ज है। इससे पहले जून 2026 में उन्हें भारत-म्यांमार सीमा पर उग्रवादियों के विरुद्ध चलाए गए एक साहसिक अभियान के दौरान अद्वितीय वीरता दिखाने के लिए शौर्य चक्र मिल चुका है।

## उत्तराखंड के चमोली में टनल में पानी भरा, 7 मौतें

**चमोली।** उत्तराखंड में चमोली जिले के पीपलकोटी में गुरुवार शाम करीब 7 बजे निर्माणाधीन टनल में पानी और मलबा भर जाने से 7 लोगों की मौत हो गई। 3 अभी भी टनल में फंसे हैं, जिन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। टनल में कुल 22 लोग फंसे थे। इसमें 12 मजदूरों को निकाल लिया गया है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित किया

# सिंधु जल संधि निलंबित करना सही कदम, इसका फायदा हमारे किसानों को होगा : राष्ट्रपति मुर्मु

**नई दिल्ली (ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा- आतंकवाद को पनाह देने वाले देश के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करना किसानों के लिए एक निर्णायक कदम है।

हम 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। नागरिक राष्ट के लिए सदैव जागरूक रहें।

राष्टपति ने आगे कहा कि हमारे स्टूडेंट भारत के भविष्य निर्माता हैं। जिस तरह राष्टीय सुरक्षा के लिए सरकार और समाज का एकजुट रहना जरूरी है। उसी तरह विद्यार्थियों के वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी सभी के सम्मिलित प्रयास जरूरी हैं।

राष्टपति का संबोधन में कहा- एक दशक में भारत में तेजी से विकास हुआ।

**हमारा संविधान जनभागीदारी पर आधारित है :** राष्टपति ने कहा- हमारा संविधान जनभागीदारी पर आधारित है। उस भावना को हमारे देशवासी आगे बढ़ा रहे हैं यह हमारी लोकतंत्र की उपलब्धि है। अब से कुछ ही



घंटों बाद, हमारे देश की स्वाधीनता के 80वें वर्ष का शुभारंभ होगा। देश-विदेश में रहने वाले सभी भारतीय यह पर्व उल्लास के साथ मनाते हैं। हमारा तिरंगा हमारी स्वाधीनता का प्रतीक है। इसे हम पूरी शान से फहराते हैं।

**देशवासी स्वतंत्र भारत की नियति के निर्माता बने :** द्रौपदी मुर्मू ने कहा- 15 अगस्त 1947 के दिन भारतमाता पराधीनता की बेड़ियों से मुक्त हुई। सभी देशवासी, स्वतंत्र भारत की नियति के निर्माता बने। निष्ठावान विद्यार्थी और शिक्षक, विकास के लिए तत्पर वैज्ञानिक और इंजीनियर, स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी, मेहनती श्रमिक और अन्नदाता किसान, अपने प्रयासों से राष्ट-निर्माण कर रहे हैं।

**सिंधु जल संधि को निलंबित करना राष्ट्रीय हित में :** राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा- न्यायिक व्यवस्था से जुड़े हर व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह यह सुनिश्चित करे कि संसाधनों की कमी के कारण किसी को भी न्याय से वंचित न रहना पड़े। आतंकवाद को पनाह देने वाले देश के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करना राष्टीय हित में, खासकर किसानों के लिए, एक निर्णायक कदम है।

**पिछले एक दशक में देश ने तेज गति से विकास किया :** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- अपनी समृद्ध विरासत और स्वाधीनता संग्राम के आदर्शों को अपनाते हुए हम आधुनिक विकास के मार्ग पर अग्रसर हैं। 'वयं राष्टे जागृयाम', यह वेद-वाक्य हमें प्रेरणा देता है कि हम राष्ट के लिए सदैव जागरूक रहें। पिछले एक दशक से कुछ अधिक समय में हमारे देश ने तेज गति से समावेशी विकास किया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के आदेश को रद्द करते हुए सीजीएमएससी पर लगा जुर्माना निरस्त किया

**समवेत शिखर न्यूज**



**रायपुर।** उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द करते हुए छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन (सीजीएमएससी) पर लगा एक लाख रुपये का जुर्माना निरस्त कर दिया है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने आज जानकारी देते हुए बताया कि टेंडर से जुड़े एक मामले में एक ठेकेदार ने उच्च न्यायालय में शिकायत की थी, जिसके बाद न्यायालय ने सीजीएमएससी पर एक लाख का जुर्माना लगा दिया था। इसके खिलाफ निगम उच्चतम न्यायालय गया। उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई में पाया कि निगम की तरफ से कोई गलती नहीं हुई थी। अदालत ने माना कि ठेकेदार ने फॉर्म में जो अपनी आधिकारिक ईमेल आईडी दी थी, उसी पर समय रहते सारी जरूरी जानकारियां और मैसेज भेजे गए थे।

## विभाजन की पीड़ा से सीख लेकर देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखना हम सभी का दायित्व : मुख्यमंत्री साय

**समवेत शिखर न्यूज**



**रायपुर।** इतिहास केवल अतीत की घटनाओं का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि वर्तमान को दिशा देने और भविष्य को सुरक्षित बनाने की सीख भी है। इसलिए विभाजन की विभीषिका और उससे मिले सबक को पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्मरण रखना आवश्यक है। विभाजन की पीड़ा हमें देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को हर परिस्थिति में अक्षुण्ण रखने का संदेश देती है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज राजधानी रायपुर के संचालनालय पुरातत्व स्थित मुक्ताकाशी मंच में आयोजित 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। समारोह में विभाजन की त्रासदी में प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया तथा विस्थापन का दंश झेलने वाले परिवारों के संघर्ष, साहस और धैर्य को नमन किया गया। *(शेष पेज-04 पर)*

# छत्तीसगढ़ पुलिस के नाम 152 पदक सुंदरराज-एलेसेला होंगे सम्मानित

### 141 गैलेंट्री मेडल, 10 सराहनीय सेवा सम्मान आईपीएस कोटवानी को मिलेगा राष्ट्रपति पदक

**समवेत शिखर न्यूज**







**रायपुर।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पुलिस पदकों की घोषणा की है। इस बार छत्तीसगढ़ पुलिस के 152 अधिकारी और जवान अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित होंगे। इनमें 141 को वीरता पदक, 10 को सराहनीय सेवा पदक और 1 अधिकारी को विशिष्ट सेवा के लिए राष्टपति पदक दिया जाएगा। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वीरता और अदम्य साहस का परिचय देने वाले सेना के जवानों, अफसरों और पुलिस अधिकारियों और जवानों को अवार्ड से सम्मानित किया जाता है। नक्सल प्रभावित इलाकों में लंबे समय तक चले अभियानों में अहम भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को इस बार खास तौर पर सम्मानित किया गया है।

वीरता पदक पाने वाले प्रमुख अधिकारियों में आईजी पी. सुंदरराज, आईजी इंदिरा कल्याण एलेसेला, एएसपी संदीप पटेल और एएसपी रॉबिन्सन गुड़िया शामिल हैं। आईजी पी. सुंदरराज को नक्सल विरोधी अभियानों का बेहतर तरीके से नेतृत्व करने और माओवादी नेटवर्क को कमजोर करने के लिए किए गए काम के लिए वीरता पदक दिया गया है।

**आईजी एलेसेला, एएसपी रॉबिंसन को भी वीरता पदक :** आईजी इंदिरा कल्याण एलेसेला को नक्सल प्रभावित इलाकों में साहस के साथ नेतृत्व करने के लिए वीरता पदक दिया जाएगा। एएसपी संदीप पटेल और एएसपी रॉबिंसन गुड़िया को भी विशेष अभियानों में बहादुरी दिखाने के लिए वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा।

### सराहनीय सेवा के लिए इन अफसरों को मिलेगा सम्मान



